www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-164 सागवाड़ा, बुधवार, 16 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## राजस्थान में फिर बढ़ने लगे कोरोना के केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना एक बार फिर रिर्टन होने लगा है। केस बढ़ने के साथ ही डेथ की संख्या में भी पिछले दो दिनों से इजाफा देखने को मिला है।

पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखे तो प्रदेश में 1702 नये केस मिले है, जबकि 13 मरीजों की इलाज के दौरान डेथ हो गई। इससे पहले 14 फरवरी को 1102, 15 फरवरी को 1387 केस आए थे। राज्य में आज टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी एक फीसदी बढ़कर 4.22 फीसदी पर पहुंच गई। राज्य में आज कुल 40,305 लोगों के सैंपल की जांच की गई।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखे तो आज सबसे ज्यादा 454 केस जयपुर में आए है, जबकि 1 मरीज की यहां मौत हो गई। वहीं, उदयपुर में 156, जोधपुर में 151, अलवर में 94, बांसवाड़ा में 88, झुंझुनूं 67, कोटा 58, राजसमंद 55 और अजमेर में 50 केस मिले है। वहीं 6 जिले ऐसे रहे जहां आज 10 से कम केस मिले है। डेथ केस की बात करें सीकर, बीकानेर में 2-2 जबकि उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, नागौर, भरतपुर, झालावाड़ में एक-एक मरीज की मौत हुई है।

राजस्थान में आज 3569 मरीज रिकवर हो चुके है, जिसके बाद राज्य में एक्टिव केस की संख्या कम होकर 16 हजार 96 हो गई। राज्य में कोरोना की अब तक की स्थिति देखे तो प्रदेश में इस संक्रमण से 12 लाख 69,974 लोग चपेट में आ चुके है, जिसमें से 12 लाख 44,384 मरीज रिकवर हो चुके है। वहीं 9494 मरीजों की मौत हो चुकी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 8 साल की बेटी समेत लेक्चरर पति-पत्नी की मौत

**डूंगरपुर।** चितरी थाना क्षेत्र में जोगपुर मोड़ ।पर एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 8 साल की बेटी समेत लेक्चरर पति और पत्नी की मौत हो गई। टक्कर के बाद वाहन का चालक मौके से भाग गया और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। चितरी थानाधिकारी गोविंदसिंह ने बताया कि बुधवार देर शाम को जोगपुर भैरवजी मंदिर के पास हुई है। बाबा की बार निवासी इंदूलाल राणा (45) पुत्र अमृतलाल राणा, उसकी पत्नी रेखा (42) ओर बेटी वैभवी (8) तीनों बाइक से जोगपुर की ओर से आ रहे थे। जोगपुर मोड़ भैरवजी मंदिर के पास आते ही सामने से तेज रफ्तार आ रही गाड़ी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी गाड़ी का चालक नहीं रुका ओर तेज रफ्तार दौड़ाते हुए भाग गया। टक्कर में इंदूलाल, पत्नी रेखा और बेटी वैभवी के सिर, हाथ-पैर और शरीर पर गंभीर चोंटे आई। खून बहने लगा। मौके पर लोगो की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई।

घटना की सूचना पर चितरी थानाधिकारी गोविंदसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे। तीनों घायलों को सागवाडा हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना बाबा की बार परिवार के लोगों को दी। वही तीनो के शव को सागवाडा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाए है। कल गुरुवार को तीनों के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। इंदूलाल वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल में लेक्चरर है। तीनो की एक साथ मौत के बाद परिवार और गांव में मातम का माहौल है और लोग फूट-फूटकर रो रहे है।

## सागवाड़ा के पहले प्रधान रहे सामालिया के शंकर लाल शर्मा का को निधन

### अंतिम यात्रा में समाजजनों समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे



**सागवाड़ा।** स्वतंत्रता सेनानी, वागड़ के गांधीवादी नेता व सागवाड़ा के पहले प्रधान रहे सामालिया निवासी शंकर लाल शर्मा का बुधवार को निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाजजनों समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। पूर्व विधायक सुरेंद्र बामनिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पाटीदार पाडवा, देवीलाल फलोत, किशोर उपाध्याय सरोदा ने उनके निवास पर पहुंचकर शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्व शर्मा का अंतिम संस्कार पैतृक गांव सामलिया में हुआ, उनके दत्तक पुत्र सतीश भट्ट ने मुखाग्नि दी। स्व. शर्मा भट्टमेवाड़ा ब्राह्मण समाज, सामालिया गांव व क्षेत्र के सबसे बड़े भामाशाह माने जाते हैं। उनको क्षेत्र के पहले ग्रेजुएट व एलएलबी की उच्च शिक्षा प्राप्त कर वकालत करते का गौरव प्राप्त है। स्व शंकरलाल शर्मा का जन्म वर्ष 1926 में सामलिया में हुआ था। उनके पिता का नाम मोहनलाल भट्ट था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सामलिया में हुई थी, इसके बाद मुंबई के एल्फिंस्टन कॉलेज से बीए एलएलबी की डिग्री करने के बाद उन्होंने कुछ साल मुंबई हाईकोर्ट में वकालत भी की। इसके बाद वे डूंगरपुर में स्व भोगीलाल पंडया, पूर्व मुख्यमंत्री स्व हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर के सम्पर्क में आए और भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में भाग लिया। देश की स्वतंत्रता के बाद वे सागवाड़ा पंचायत समिति के प्रथम प्रधान के पद पर आसीन हुए। स्व. शर्मा का मानना था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य भारत को आजादी दिलाना था। अंतिम समय तक वे एक भामाशाह और समर्पित शिक्षाविद के रूप में गांव, समाज और क्षेत्र में सक्रिय रहे। उन्होंने गांव सामलिया में सेकंडरी स्कूल खुलवाई। अपनी धर्मपत्नी कमलादेवी के नाम से स्कूल में एक हॉल का निर्माण करवाया। वही समाज के लिए नोहरे का निर्माण भी करवाया। उन्होंने अपने जीवन काल में कई देवालय, आश्रम, स्कूल और छात्रावासों में मुक्त हस्त से दान किया।

## ढूंढी गांव में एक बुजुर्ग ने अपने घर के पास पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के कुआ थाना क्षेत्र के ढूंढी गांव में एक बुजुर्ग ने अपने घर के पास पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग मानसिक बीमारी से परेशान था और उसका लम्बे समय से ईलाज भी चल रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कुआ थाने के सहायक उप निरीक्षक तेज सिंह ने बताया की ढूंढी गांव निवासी 58 वर्षीय कावा पुत्र हरजी गोदा मानसिक रूप से बीमार था और उसका लम्बे समय से मानसिक बीमारी का ईलाज भी चल रहा था। उन्होंने बताया की बीती रात कावा ने परिवार वालो के साथ बैठ कर खाना खाया था और उसके बाद सो गया था। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो कावा पानी खांट पर नहीं था। जिस पर परिवार के लोगो ने उसकी तलाश की इस दौरान घर के पास एक पेड़ से कावा का शव फंदे से लटका हुआ था। कावा का शव फंदे लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। इधर मामले की जानकारी पर आसपास के लोगो की भी मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसके बाद परिजनों ने मामले की सुचना कुआ थाना पुलिस को दी। सुचना पर कुआ थाने के एएसआई तेज सिंह जाब्ता लेकर ढूंढी गाँव पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से पेड़ से नीचे उतरवाया। वही शव को डूंगरपुर जिले के सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। इसके बाद पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया की परिजनों के अनुसार मानसिक बीमारी से परेशान होकर कावा द्वारा आत्महत्या का कदम उठाया गया है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के 6 संताने है जिसमें 4 लड़कियां और 2 लड़के है।

## 5 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को ACB ने पकड़ा

**पाली।** पाली ACB टीम ने आज पटवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। जमाबंदी में जाति का रिकॉर्ड दुरुस्त करने के बाद पटवारी ने परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत की डिमांड की थी। 5 हजार रुपए में रजामंदी हुई। पाली एसीबी के एएसपी नरपत चंद ने बताया कि पटवार मंडल लापोद के पटवारी आशीष मीणा को रिश्वत के रुपयों के साथ पकड़ा गया है। परिवादी के पिता के नाम सुमेरपुर के बड़गांवड़ा में कृषि भूमि के खसरों की जमाबंदी में जाति सीरवी को पुराने रेकर्ड अनुसार रेबाी करने के एवज में रिश्वत मांगी थी।

10 हजार से मामला 5 हजार रुपए में तय हुआ।

# बेणेश्वर धाम - माघ पूर्णिमा पर भरा मेला

## भगवान निष्कलंक व महंत की पालकी यात्रा और शाही स्नान का आकर्षण





डूंगरपुर। जिले के आदिवासियों का प्रयाग कहे जाने वाले बेणेश्वर धाम पर आज माघ पूर्णिमा पर मुख्य मेला भर रहा है। मुख्य मेले के दिन धाम पर श्रद्धा का ज्वार उमड़ रहा है।

माघ पूर्णिमा पर जहां श्रद्धालु सोम माही व जाखम नदी के त्रिवेणी में तर्पण-अर्पण कर रहे है।

वहीं लोग अपने दिवंगतों की अस्थियों का विसर्जन कर रहे हैं हालांकि प्रशासन की ओर से कोरोना के चलते व्यापारिक व मनोरंजन गतिविधियों पर रोक है लेकिन परंपराओं के निर्वहन व मंदिरों में दर्शनों की छूट दी गई है। माघ पूर्णिमा पर मुख्य मेले का आयोजन होता है। वही आज माघ पूर्णिमा पर बेणेश्वर धाम पर मुख्य मेला भर रहा है। इधर मुख्य मेले के तहत अल सुबह से ही श्रद्धा का ज्वार धाम पर उमड़ रहा है। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश से श्रद्धालु बेणेश्वर पहुंच रहे है।

इस दौरान धाम पर सोम माही जाखम नदी के त्रिवेणी संगम में तर्पण अर्पण करते हुए आस्था की डुबकी लगा रहे है।

इधर बेणेश्वर मुख्य मेले के दिन बेणेश्वर धाम के महंत अच्युतानंद महाराज व भगवान निष्कलंक की साबला हरिमंदिर से बेणेश्वर धाम तक पालकी यात्रा निकाली गई।

## जिले में सोनाग्राफी केंद्रों का निरीक्षण करने का चला अभियान, 22 केंद्रों की हुई सघन जांच

**बांसवाड़ा।** जिले में संचालित हो रहे 22 सोनोग्राफी सेंटर का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभिन्न अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में सोनाग्राफी केंद्रों का निरीक्षण किया और नियमों की पालना पर जांच की। चिकित्सा विभाग की ओर से शहर और गढ़ी केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार, बागीदौरा में आरसीएचओ डॉ नरेंद्र कोहली, घाटोल क्षेत्र में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भरतराम मीणा, आनंदपुरी क्षेत्र में डॉ पीके वर्मा ने सोनोग्राफी केंद्रों का निरीक्षण किया। पीसीपीएनडीटी प्रभारी हरिकांत शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 22 केंद्र है। जिसमें शहर में 17, गढ़ी में दो, बागीदौरा में एक, आनंदपुरी में एक और घाटोल में एक केंद्र संचालित है।

## हैल्थ चेक अप कियोस्क का शुभारंभ

**सीमलवाड़ा।** श्री धुलजी भाई वर्मा राउमावि करावाडा में चौरासी विधायक राजकुमार रोत द्वारा उपलब्ध कराई गई हेल्थ मोनिटोरिंग कियोस्क मशीन का शुभारंभ बतोर मुख्य अतिथि झौथरी प्रधान अनिता रोत ने किया। हेल्थ चैक अप मशीन का शुभारंभ करते हुए प्रधान ने कहा की मशीन स्कूली बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होगी। शुभारंभ कार्यक्रम में सीबीईओ सुरेश चंद्र रोत , सरपंच बदी देवी खराडी , पीटीए अध्यक्ष प्रभूलाल पाटीदार , समाजसेवी किशोरीलाल पाटीदार , प्रदेश संयोजक पोपटलाल खोखरीया , ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद रोत , अनिल सिह सहित विधालय स्टाफ मौजूद रहा। प्रधानाचार्य हमराज सिह चौहान ने इस अवसर पर विधालय परिवार की ओर से चौरासी विधायक राजकुमार रोत का आभार जताया।

## एनएच-48 पर अनियंत्रित होकर पलटा केमिकल से भरा टैंकर, हादसे में टैंकर चालक की नीचे दबने से हुई मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के एनएच-48 पर केमिकल से भरा एक टैकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इधर टैंकर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर धौलपुर से परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की धौलपुर निवासी 27 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह पुत्र अजय नाथ 4 दिन पहले गाजियाबाद से एक टैंकर में केमिकल भरकर गुजरात के दहेज बंदरगाह जा रहा था । इस दौरान आज अल सुबह बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र की लहणा घाटी में ढलान पर टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया और पलटते हुए दूसरी ओर लेन में जाकर बीच सड़क जा गिरा। हादसे में टैंकर के नीचे दबने से चालक धर्मेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई । वही सडक के बीच में टेंकर पलट जाने से जाम सा लग गया। इधर हादसे की सूचना बिछीवाडा थाना पुलिस को मिली। सुचना मिलने पर बिछीवाडा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने टेंकर के नीचे दबे चालक तो देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

जिसके बाद पुलिस ने मौके पर क्रेन मंगवाई और टेंकर की नीचे दबे शव को निकलवाया। वही क्रेन की मदद से टैंकर को भी सड़क के बीच से हटाकर साइड में कराया और हाइवे पर आवागमन को सुचारू करवाया। वही पुलिस ने मृतक के मोबाइल से उसके परिजनों को सम्पर्क करके घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। दोपहर बाद मृतक के परिजन धौलपुर से डूंगरपुर पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने घटना की पूरी जानकारी परिजनों को दी। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। मृतक धर्मेंद्र सिंह तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था मृतक के परिजनों का दुर्घटना के बाद रो रो कर बुरा हाल है।

## कारागृहों में बंदी प्रतिमाह अब 3500 रूपये की सामग्री कैन्टीन से खरीद सकेंगे

**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारिता एवं जेल प्रशासन के द्वारा कैदियों के लिए बंदी कैन्टीन की शुरूआत से बंदियान के लिए खाद्य सामग्री, कन्फैक्शनरी, कॉस्मेटिक्स, टॉयलेट्री के अतिरिक्त नोटबुक, पेंसिल एवं दैनिक उपयोग में आने वाली लगभग 43 से 58 प्रकार की सामग्री उपलब्ध होगी। कैन्टीन की शुरूआत से पारदर्शिता के साथ बन्दियों के लिए सही सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। आंजना बुधवार को केन्द्रीय कारागार जयपुर में कॉनफैड द्वारा बंदियों के लिए संचालित की जाने वाली बंदी कैन्टीन के उद्घाटन के साथ सीकर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, धौलपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, दौसा एवं कोटपूतली में भी बंदी कैन्टीन के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि 6 माह उपरान्त इसकी समीक्षा की जायेगी और सुझाव भी आमंत्रित किये जायेंगे ताकि कैदियों को कैन्टीन के माध्यम से और बेहतर सुविधाएं दी जा सकें। उन्होंने कहा इस मॉडल को राज्य के सभी कारागृहों में शुरू किया जायेगा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने बंदियों की मांग पर कैन्टीन से प्रतिमाह दो हजार पांच सौ रूपये की सीमा तक क्रय की जाने वाली सामग्री की सीमा को तीन हजार पांच सौ रूपए बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सहकारिता उपभोक्ता भंडारों द्वारा संचालित की जाने वाली इन कैन्टीनों के माध्यम से अच्छी क्वालिटी का सामान उपलब्ध हो पाएगा। इस मौके पर उन्होंने कैदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उसके शीघ्र समाधान के लिए आश्वस्त किया। महानिदेशक पुलिस जेल भूपेन्द्र कुमार दक ने कहा कि राज्य की 140 जेलों में लगभग 23 हजार बंदी है। विभिन्न जेलों में विजिट के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बड़ी संख्या में बंदी आदतन अपराधी नही है। बंदियों को अच्छे कार्यों की मनोवृति विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। ताकि बंदी समाज में आत्म सम्मान के साथ जी सके एवं समाज व देश के लिए उपयोगी हो सके।

## CBI से पारदर्शी जांच जरूरी, देखना है बकरे की मां कब तक मनाती है खैर: सतीश पूनियां

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने बीजेपी आंदोलन से घबराकर ही रीट लेवल-2 परीक्षा को रद्द किया है। एसओजी की जांच छोटी मछलियों को फंसाने और मगरमच्छों को बचाने के लिए की गई है। लेकिन बकरे की मां कब तक खैर मनाती है देखना है। उन्होंने कहा सरकार की बेरोजगार युवाओं को नौकरियां देने की नीयत होती, तो पिछली बीजेपी सरकार के समय निकाली गई भर्तियों की परीक्षाएं टाइम पर करवाती। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा 15 बार अलग-अलग कैटेगरी की परीक्षाएं कैंसल हुई हैं। क्या सरकार के पास उसका जवाब है। रीट में धांधली मामले पर पूनियां ने कांग्रेस सरकार पर परदे के पीछे दूसरा खेल खेलने के आरोप लगाते हुए कहा कि अगर सरकार निष्पक्ष जांच करवाती तो सीबीआई से डरने की जरूरत नहीं थी। अब एसओजी का सहारा लिया जा रहा है। लेकिन एसओजी की मर्यादा है। एसओजी मुख्यमंत्री से पूछताछ नहीं करेगी। उन्होंने कहा एसओजी वह एजेंसी है,जिसने राजद्रोह के मुकदमे दर्ज कर दिए और बाद में वो मुकदमे वापस लेने पड़े। उसी से पता पड़ जाता है कि एसओजी की लिमिट और ताकत क्या है। एसओजी सरकार के इशारे पर काम करती है। पूनियां ने कहा मौजूदा कांग्रेस सरकार ने कमलेश प्रजापत,विष्णुदत्त विश्नोई और अलवर की निर्भया समेत कई जांचें सीबीआई को दी हैं। लेकिन सरकार आरोप लगा रही है कि सीबीआई जांच नहीं कर रही। इसलिए रीट की जांच उसे नहीं दी जाएगी। लेकिन सीबीआई एक दिन में जांच नहीं करती है।

सीबीआई जांच की मांग इसलिए है क्योंकि इससे पारदर्शी तरीके से जांच हो जाएगी। जहां तक बात युवाओं को नौकरियां देने की है।

## पीएम पर कटाक्ष- केन्द्र सरकार किसानों की आय दोगुना करने में कामयाब नहीं हुए

## बजट में जो चाहो मांग लो,ऐसा मौका नहीं आएगा, किसान मजबूत होगा आमदनी बढ़ेगी : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने विगत तीन वर्षों में एक से बढ़कर एक निर्णय लिए हैं और कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। गहलोत बुधवार को पंत कृषि भवन में राजस्थान किसान आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष महादेव सिंह खण्डेला एवं उपाध्यक्ष दीपचंद खैरिया के कार्यग्रहण अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि किसानों की उन्नति के लिए आयोग द्वारा दी गई सलाह के आधार पर राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए और बेहतर निर्णय ले सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में अलग से कृषि बजट लाने जा रही है। किसानों के लिए अलग से बिजली कंपनी बनाने पर भी कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य



दिलाने और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए नई नीति के माध्यम से विभिन्न रियायतें दी गई हैं। पशुपालकों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना लागू की गई है। गहलोत ने कहा कि यूपीए सरकार के समय देश में अधिकार आधारित युग की शुरूआत हुई। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा के रूप में रोजगार का अधिकार लोगों को मिला।

मनरेगा के माध्यम से लोगों की रोजगार की चिंता दूर हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गरीब वर्ग के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल खोलने जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया है। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए किसान आयोग में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद थे।